प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश, विधेयक पर चर्चा जारी, प्रदेश भाजपा ने कहा– कांग्रेस शासनकाल में कानून में किये गये गलत प्रावधानों को ठीक कर रही मोदी सरकार, कांग्रेस ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का लगाया आरोप।
2. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपराध से निपटने के लिए तकनीकी–कानूनी रास्ता अपनाने का किया आह्वान।
3. झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका में हाईस्कूल शिक्षक के पद पर नियुक्ति के 11 माह बाद पद से हटाये जाने के मामले में यूजीसी को पांच बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश।
4. सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में झारखंड की आठ खिलाड़ियों को किया गया शामिल।
5. रांची, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा समेत कई जिलों में बादल छाये, गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने का पूर्वानुमान।

*******************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। सदन में इस पर चर्चा जारी है। इधर वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रदेश भाजपा और कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पूर्व के कांग्रेस शासन में इस कानून में जो गलत प्रावधान किये गये थे, उसमें संशोधन के जरिए केंद्र की मोदी सरकार उसे ठीक करने जा रही है।

वहीं कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया।

*******************

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपराध से निपटने के लिए तकनीकी– कानूनी रास्ता अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नए युग में केवल कानून पर्याप्त नहीं हो सकता। सीबीआई के 62वें स्थापना दिवस पर श्री वैष्णव ने कहा कि नए युग में आर्टिफिसियल इंटीलिजेंस–एआई चुनौतियों से निपटने के लिए सीबीआई को स्टार्टअप, उद्योग और शिक्षा जगत के साथ अधिक सहयोग करना चाहिए।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका में हाईस्कूल शिक्षक के पद पर नियुक्ति के 11 माह बाद शिक्षक पद से हटाये जाने के मामले में यूजीसी को प्रतिवादी बनाया है और पांच बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यूजीसी पूछा है कि तीन साल का बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन किस संकाय में आता है। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि उसने फिजिकल एजुकेशन में डिग्री ली है और यूजीसी के अनुसार यह विषय साइंस स्ट्रीम में आता है। मामले में अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी।

*******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–इपीएफओ ने बहु–बैंकिंग केंद्रीकृत संग्रह प्रणाली में 15 और बैंकों को शामिल किया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ लगभग आठ करोड़ सदस्यों और 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को सामाजिक सुरक्षा और अन्य लाभ उपलब्ध करा रहा है।

*******************

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर फर्जी बैंक गारंटी जमा करने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि शराब दुकानों के

संचालन और प्रबंधन से जुड़ी दो कंपनियों ने धनबाद और हजारीबाग में फर्जी दस्तावेज के आधार पर कार्यादेश प्राप्त कर लिया, इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

*******************

वित्त वर्ष 2024–25 में भारत में रिकॉर्ड 4 हजार 515 बच्चों को गोद लिया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से रिपोर्ट के अनुसार गोद लेने को आसान बनाने के लिए राज्यों के सहयोग से देशभर में 245 दत्तक–ग्रहण ईकाइयां स्थापित की गई हैं। बता दें कि मंत्रालय ने नवंबर, 2024 में वार्षिक सम्मेलन किया, जिसमें पालन–पोषण देखभाल और गोद लेने की वकालत पर ध्यान केंद्रित किया गया।

*******************

दुमका जिले में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए झारखंड आजीविका मिशन कई कार्यक्रम चल रहा है।

*******************

दुमका पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है।

*******************

कोडरमा जिले में रामनवमी पर्व पर शौर्य प्रदर्शन के लिए झांसी की रानी अखाड़ा समिति महिला और युवतियों को लाठी और तलवार चलाने का प्रशिक्षण दे रही है। समिति की अध्यक्ष और प्रशिक्षक सुषमा सुमन ने बताया कि अब कोडरमा में मातृ शक्ति शौर्य प्रदर्शन कर शौर्य पताका लहराएंगी।

*******************

- जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना अंतर्गत उच्च पथ के लोहरंगी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है।
- देवघर में इंटर स्टेट बस टर्मिनल 10 अप्रैल से शुरू होगा। जिला प्रशासन ने बसों का रूट निर्धारण भी कर दिया है। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि यह झारखंड का सबसे बड़ा बस टर्मिनल है, जहां एक साथ 150 बसों के ठहराव की क्षमता है।

*******************

घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स लगभग 415 अंक की तेजी के साथ 76 हजार 439 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 109 अंकों उछाल के साथ 23 हजार 275 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

वहीं रांची में आज 22 कैरेट सोने का भाव प्रति दस ग्राम 85 हजार पांच सौ रूपये है।

*******************

हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की 40 महिला हॉकी खिलाड़ियों का कोर ग्रुप बनाया है, इन 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में झारखंड की आठ खिलाड़ी शामिल की गयी हैं। झारखंड की इन आठ खिलाड़ियों में छह खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और अंजना डुंगडुंग सिमडेगा की हैं जबकि दो खिलाड़ी निक्की प्रधान और अलबेला रानी टोप्पो खूंटी जिले की हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ– जेएससीए का चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। अपैल के अंत तक या मई के पहले सप्ताह में चुनाव होगा।

*******************

राजधानी रांची, पलामू, गढ़वा और लोहरदगा समेत कई जिलों में जिलों में बादल छाए हुए हैं। इससे दक्षिणी–पूर्वी, मध्यवर्ती, दक्षिणी, उत्तर–पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने, होने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आ रही है, जिसका प्रभाव चार अप्रैल तक देखने को मिलेगा।

******************